**23-08-2022**

# राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर ने ई-ऑफिस प्रणाली को किया लागू

**कानपुर ( नगर छाया समाचार )।** पेपरलेस कामकाज की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर ने आज ई-ऑफिस प्रणाली को लागू किया। ई-ऑफिस के कार्यान्वयन के साथ, पारंपरिक भौतिक फाइलें अब डिजिटल रूप में सभी नोटिंग और ऑर्डर के साथ डिजिटल फाइलें बन जाएंगी। इस प्रणाली को भारत सरकार के उद्यम नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) द्वारा विकसित किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए निदेशक श्री नरेन्द्र मोहन ने बताया कि संस्थान पिछले एक साल से इस



प्रणाली को लागू करने हेतु प्रयत्नशील था, किन्तु कोविड से संबंधित मुद्दों के कारण मामला कुछ हद तक विलंबित हो गया। इसके कार्यान्वयन के लिए आवश्यक ढांचागत सुविधाओं का विकास, संस्थान के कर्मचारियों के प्रशिक्षण की आवश्यकता को नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेंटर की सहायता से पूरा किया गया हे। यह फाइलों की तेजी से आवाजाही के साथ पारदर्शी और बेहतर कामकाज प्रदान करेगा जो कि समय की जरूरत है। साथ ही इससे स्टेशनरी की खरीद पर होने वाले खर्च और भविष्य के लिए रिकॉर्ड को संरक्षित करने के प्रयासों में भी बचत होगी, निदेशक ने कहा।

# राष्ट्रीय शर्करा संस्थान ने ई-ऑफिस प्रणाली को किया लागू

**दि ग्राम टुडे,कानपुर। (भारत पांडे)** आपको बता दें कि कल्यानपुर राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में पेपर लेस कामकाज की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए ऑफिस प्रणाली को लागू किया गया है। बताते चलें कि ऑफिस के कार्यान्वयन के साथ पारंपरिक भौतिक फाइलें एवं डिजिटल रूप में सभी नोटिंग और ऑर्डर के साथ डिजिटल फाइलें बन जाएंगी। बता दें कि इस प्रणाली को भारत सरकार के उद्यम नेशनल इनफॉर्मेटिक्स सेंटर द्वारा विकसित किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए निदेशक श्री नरेंद्र मोहन ने बताया कि संस्थान पिछले 1



साल से इस प्रणाली को लागू करने हेतु प्रयत्नशील था किंतु कोविड के मुद्दों के कारण मामला कुछ हद तक विलंबित हो गया था, इसके कार्यान्वयन के लिए आवश्यक ढांचागत सुविधाओं का विकास संस्थान के कर्मचारियों के प्रशिक्षण की आवश्यकता को नेशनल इनफॉर्मेटिक्स सेंटर की सहायता से पूरा किया गया है।